Need for overbridge/underbridge and to remove accident-prone dark spots at the junction of Panipat-Khatima NH and Delhi-Yamunotri road near Balwa village in Shamli district, Uttar Pradesh -Laid

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) **:** मैं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का ध्यान उत्तर प्रदेश के जिला शामली स्थित बलवा गांव के निकट पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग के जंक्शन पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । मैंने लोकसभा में इस समस्या पर प्रश्न भी उठाया था, जिसके उत्तर में मंत्रालय ने स्वीकार किया कि इस राजमार्ग पर कई खतरनाक पॉइंट्स चिन्हित किए गए हैं । परंतु इन खतरनाक स्थलों को दुरुस्त करने की कोई ठोस कार्य योजना अब तक नहीं बनी है । बलवा गांव के पास यह जंक्शन अत्यंत दोषपूर्ण डिजाइन का है, जहां वाहन तेज गति से आते हैं और हाइवे के बीचोबीच टी शेप डिवाइडर स्थित है, जिससे बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं । यहां न तो ओवरब्रिज है और न ही अंडरपास, जिससे स्थानीय निवासियों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ती है । इन स्थितियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और जन-धन की हानि हो रही है । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि इन खतरनाक डार्क स्पॉट्स को शीघ्र हटाकर बलवा गांव के निकट स्थित इस जंक्शन पर ओवरब्रिज या अंडरपास निर्माण की तत्काल कार्य योजना बनाई जाए ।